### एक नजर में

## जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड की बनेगी बाउण्ड्रीवॉल व बनेगा टीन शेड



**रतलाम।** जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड की लगभग 2 किलोमीटर लम्बाई की बाउण्ड्रीवॉल व टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, विशाल शर्मा, श्रीमती सपना त्रिपाठी पार्षदगण तथा निगम अधिकारियों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड की सुरक्षा की दृष्टि से 1.48 करोड़ की लागत से 2 किलोमीटर लम्बाई तथा 6 फीट उंचाई की बाउण्ड्रीवॉल तथा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में 80.49 लाख की लागत से टीन शेड का निर्माण किया जायेगा जो कि कचरा निष्पादन में सहायक सिद्ध होगा। भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद शक्ति सिंह राठौर, योगेश पापटवाल, रणजीत टांक, श्रीमती देवश्री पुरोहित, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, विनोद पाटीदार, शिवम् गुप्ता सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

## पंचेवा में सामूहिक बहिष्कार के तुगलगी फरमान का मामला जनसुनवाई में पंहुचा

**रतलाम।** जिले के पिपलोदा तहसील के ग्राम पंचेवा में एक तुगलगी फरमान के बाद हड़कंप मच गया है। जहां प्रताड़ित पति-पत्नी आज न्याय की गुहार लगाने जनसुनवाई में पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तुगलगी फरमान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। आपको बता दे रतलाम जिले की पिपलोदा तहसील के ग्राम पंचेवा में विगत दिनों पंचायत और ग्राम वासियों ने प्रेम प्रसंग में भाग कर शादी करने वालों व उनके परिवार के खिलाफ संविधान के विपरीत एक तुगलगी फरमान जारी किया था और सामूहिक बहिष्कार करने का लाउडस्पीकर के जरिए फरमान जारी किया था ऐसे परिवार का गांव में हुक्का पानी दुध चाय सहित सामूहिक बहिष्कार करने का आदेश जारी किया था। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल विडीयो में यह भी कहा जा रहा था कि अगर कोई व्यक्ति गांव द्वारा बहिष्कृत किसी परिवार से किसी भी तरह का सम्बन्ध रखेगा,उसका भी गांव वालों द्वारा बहिष्कार किया जाएगा। वायरल विडीयो में बहिष्कार की जानकारी देने वाला व्यक्ति बहिष्कृत किए गए तीन परिवारों के नाम भी घोषित करता हुआ नजर आ रहा था। अब इस फरमान के खिलाफ प्रेम प्रसंग में शादी करने वाले गांव के दीनदयाल जाट व पत्नी मनीषा परिजनों के साथ जनसुनवाई में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पहुंचे और अपनी आपबीती सुनाई है। उनका कहना है की आठ माह पूर्व शादी की थी अब अचानक यह फरमान जारी कर दिया और हमारा बहिष्कार कर दिया। हम परेशान होकर नामली में रहने को मजबूर हैं। हम जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगाने आए हैं और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की हैं।

# विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों के साथ निकाली प्रभातफेरी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को उत्साह हर्ष उल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर जिले में स्कूली विद्यार्थियो द्वारा देशभक्ति के नारों के साथ प्रभात फेरिया निकाली गई। मुख्य समारोह पोलोग्राउंड रतलाम में आयोजित किया गया। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप ने ध्वजारोहण कर

**गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह में कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली**

परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के बाद समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया। समृद्धि एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। एसएएफ, पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट आदि दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शासकीय विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि श्री काश्यप ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर एवं विनिता ओझा ने किया। झांकियों में प्रथम पुरस्कार किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग रतलाम को, द्वितीय पुरस्कार जिला पंचायत तथा तृतीय पुरस्कार उद्यानिकी विभाग को प्राप्त हुआ। जिपं अध्यक्ष लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, विप्लव जैन, कलेक्टर मिशा सिंह, एसपी अमित कुमार, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, आयुक्त अनिल भाना, एसडीएम आर्ची हरित, शासकीय अधिकारी / कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



### परेड में एसएएफ का प्लाटून रहा अव्वल

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड कमांडर प्रशिक्षु आईपीएस वैभव प्रिय और सेकंड कमांडर सूबेदार श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक परेड का आयोजन किया गया। इसमें एसएएफ, जिला पुलिस बल, जिला महिला बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर डिवीजन, शौर्य दल और बेंड दल शामिल था। परेड का प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं वाहिनी जी कंपनी रतलाम को प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार एनसीसी जूनियर डिवीजन सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल रतलाम को प्राप्त हुआ। तीसरा पुरस्कार एनसीसी सीनियर डिवीजन पुरूष शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम को मिला।

## सैलाना में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस






**सैलाना।** नगर में जगह जगह देश भक्ति के गीत की मधुर आवाजों के साथ बच्चे और बड़े वाहनों पर तिरंगा लगाए घूमते नजर आए। विधायक कमलेश्वर डोडियार ने कार्यकर्ताओं के साथ बस स्टेंड स्थित कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। नगर परिषद कार्यालय पर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ल ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर परिषद सीएमओ मनोज शर्मा,उपाध्यक्ष सुनीता पाठक,परिषद के पार्षद,कर्मचारी नगर के गणमान्य नागरिक मोजूद थे। पुलिस थाना परिसर में पुलिस गार्ड द्वारा सलामी देने के पश्चात थाना प्रभारी पिंकी आकाश ने ध्वजारोहण किया। पंडित दिन दयाल उपाध्याय परिसर में भाजपा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक संगीता चारेल की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष पंकज राठौड़ ने झंडा वंदन किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता,महिला मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत ने ध्वज फहराकर,महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस का वाचन राजेंद्र मेहता ने किया संचालन पार्षद मंगलेश कसेरा ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश डिंडोर,परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ल,पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत,पूर्व अध्यक्ष जगदीश पाटीदार,समाज सेवी भूरा मल तांतेड़ सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। गणतंत्र दिवस के इस पर्व पर नगर के शासकीय कार्यालयों,शैक्षणिक संस्थाओं में विभाग प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सुबह की शीत लहर के बावजूद परम्परानुसार करीब दो हजार बच्चों की प्रभात फेरी निकाली गई। इधर शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर पी पाटीदार के मार्गदर्शन आयोजित कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष दिनेश कुमावत आसरा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कॉलेज के व्याख्याता सहित स्टॉप मोजूद था।



## बन्दुक की दुकान में ब्लास्ट, 4 गंभीर झुलसे



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में बन्दुक की दूकान के अंदर हुए ब्लास्ट में दुकानदार सहित तीन लोग गंभीर तरह से झुलसे है। जिन्हें

**एसपी भी पहुंचे और किया निरीक्षण**

जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। जहां 4 की हालत गंभीर होने से उन्हें मेडिकल कॉलेज बाद इंदौर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक लेब के अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता करने में जुट गई है। शहर के मुख्य बाजार चांदनी चौक के लक्कड़पीठा रोड पर एक बन्दुक की दूकान में वेल्डिंग के दौरान जोरदार ब्लास्ट हो गया। चुकी बन्दुक की दूकान में बारूद होने से आग भभक उठी और तीन लोग गंभीर झुलस गए। हादसा इतना भयानक था की झुलसे लोग रोड पर आ गए और लोगो में अफरा तफरी का माहौल हो गया। गंभीर घायल दुकान मालिक यूसुफ अली निवासी सुतारो का वास, वेल्डिंग कारीगर शेख रफीउद्दीन निवासी बाईजी का वास, साथी नाज़िर निवासी अर्जुन नगर को तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए, जहा उनकी हालत गंभीर होने से मेडिकल कॉलेज के बाद डॉक्टर ने इंदौर रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़िया और पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। फोरेंसिक लेब की टीम ने भी अधिकारियो के साथ घटना स्थल को मौका मुआवना किया। सुचना मिलते ही शहर महापौर प्रहलाद पटेल भी मौके पर पहुंचे। पुलिस को मौके से खाली कारतूस और बारूद मिला। पुलिस ने दुकान के अंदर से बड़ी मात्रा में रखी बंदूके एवं सामग्री को जब्त कर लिया है। अधिकारी विस्फोट की विस्तृत जानकारी में जुटे हुए है।

### घटना का कारण स्पष्ट नहीं

मामले की पुलिस जांच कर रही हैं। दुकान में धमाका कैसे हुआ अभी स्पष्ट नहीं हैं। एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येन्द घनोदिया, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल ने घटना स्थल पर पहुंचकर अपने-अपने स्तर पर जांच की हैं।

## बोलेरो व पिकअप चोरी का 8 घंटे में खुलासा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने चोरी की घटना का 8 घंटे में खुलासा करने में सफलता प्राप्त की हैं। चोरी रात को पीएनटी कॉलोनी में हुई थी। एसपी अमित कुमार के

**आरोपी सहित चोरी गया बोलेरो वाहन व लोडिंग पिकअप जब्त**

निर्देशन में तथा एएसपी (शहर) राकेश खाखा एवं सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक देवीलाल पाटीदार व सउनि सरदार सिंह परमार द्वारा दिनांक 25-26 जनवरी 2026 की रात्रि में पीएनटी कॉलोनी रतलाम से चोरी हुई पिकअप लोडिंग वाहन एमपी - 43- एल-1231 की खोज के लिए टीम गठित कर सघन तलाश प्रारंभ की गई। फरियादी अनवर हुसैन पिता अब्दुल गफ्फार उम्र 42 साल निवासी पीएनटी कॉलोनी रतलाम द्वारा वाहन चोरी की सूचना मिलने पर थाना थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम पर अपराध क्रमांक 80/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। लगातार तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं घेराबंदी के परिणामस्वरूप सोमवार को दिन मे डोसीगांव रेलवे फाटक के पास के एकांत स्थान पर चोरी गई बोलेरो क्रमांक एमपी-43-टी-0868 व लोडिंग पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 43-एल-1231 को आरोपी के कब्जे से बरामद की गई। मौके से एक आरोपी—भंवरलाल उर्फ़ भमर सिग पिता आत्माराम उर्फ आसाराम बागड़ी उम्र 30 साल निवासी ग्राम रोल खुर्द थाना मंडी नागदा जंक्शन जिला उज्जैन को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही हैं।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** कार्रवाई मेंनिरीक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, उनि. देवीलाल पाटीदार, सउनि. सरदार सिंह परमार, प्र आर. राधूसिंह भिड़े आर. रवि चंदेल, महेंद्र, विजय वसुनिया, राजेश प्रजापत, इमरान,मदन भरावत की सराहनीय भूमिका रही।

## बूंदाबांदी से गिरा तापमान, गर्म पकड़ों में नजर आए आमजन



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मंगलवार सुबह और फिर दोपहर में शहर सहित समेत ग्रामीण अंचलों में कुछ देर बूंदाबांदी हुई है। बूंदाबांदी से मौसम ठंडा हो गया है। पिछले 48 घंटे में रात का तापमान तापमान 4 डिग्री लुढ़क गया है। जबकि दिन का तापमान 7.6 डिग्री बढ़ा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और ट्रफ की वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। सुबह से आसमान में बादलों ने डेरा डाल रखा है। सूरज की लुकाछिपी के कारण धूप भी नहीं निकली है। मौसम विभाग के माने तो ऐसा दो दिन तक बने रहने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा एवं आसपास के क्षेत्रों में एक चक्रवात सक्रिय है। यहीं से ट्रफ भी गुजर रही है। इसके असर के कारण बारिश होने का अनुमान है। मौसम में बदलाव के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव बना है।

सोमवार को अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। इसके एक दिन पहले रविवार को अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री व रात का तापमान 9.8 डिग्री दर्ज हुआ था। पिछले 24 घंटे में दिन का तापमान 7.6 डिग्री बढ़ा। न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री बढ़ा। पिछले 48 घंटे में रात का तापमान 4 डिग्री लुढ़का है।

### फिर बदला स्कूलों का समय

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनीता सागर ने बताया कि वर्तमान में शीतऋतु के दौरान शीतलहर का प्रकोप बढ़ जाने एवं तापमान में निरंतर गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, एमपीबीएसई, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं में प्री-प्रायमरी से कक्षा 12वीं तक कक्षाओं का संचालन प्रातः 9बजे से पूर्व नहीं किया जाएगा।

### 30 से एक्टिव होगा नया सिस्टम

मौसम विभाग की माने तो उत्तर-पश्चिम भारत में अगला नया सिस्टम 30 जनवरी को एक्टिव हो रहा है। दो से तीन दिन बाद सिस्टम का असर प्रदेश में देखने को मिलेगा। फरवरी की शुरुआत में भी प्रदेश में बारिश का दौर रहने की संभावना है।

## लोक उत्सव पर्व : कलाकारों ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

**रतलाम।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर रतलाम स्थित गुलाव चक्कर परिसर में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा देश के सांस्कृतिक रंगों की छठा बिखेरी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विप्लव जैन, प्रवीण सोनी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, पी.ओ डूडा अरूण पाठक, सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की कल्याणकारी योजना पर आधारित विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में शाजापुर के बालकृष्ण मालवीय एवं उनके दल द्वारा देशभक्ति लोकगीत प्रस्तुत किये गये। देवास की सुश्री मुस्कान गोस्वामी एवं उनके दल द्वारा लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।



## हिन्दू सम्मेलन में बालिकाएं ने किया कराते का प्रदर्शन

**जावरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर की मल्लिकार्जुन बस्ती में मदर्स प्राइड स्कूल, आदित्य नगर कॉलोनी में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में बस्ती के सैकड़ों सनातनी परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रप्रथम की भावना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रभावशाली परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत गौ माता पूजन, शास्त्र पूजन एवं शस्त्र पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात पंडित तुषार ठाकुर एवं उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत संगीतमय हनुमान चालीसा ने पूरे पांडाल को भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत कर दिया। मदर्स प्राइड स्कूल के बच्चों द्वारा रामायण पर आधारित मंचन प्रस्तुत किया गया।

**इनका रहा आतिथ्य :** सम्मेलन में प्रमुख अतिथि के रूप में राष्ट्रसंत, प्रख्यात कथा वाचक एवं प्रखर वक्ता नमन वैष्णव, राष्ट्र सेविका समिति उपलई खंड से शिल्पी उपाध्याय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहकार्यवाह विनोद पाटीदार तथा कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी रामसेवक शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत सम्मेलन सह संयोजक महेंद्रसिंह सोलंकी, दिनेश पालीवाल, कमलनारायण कुमावत, भोला साहनी, दिलीप पारख, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, रविराज सोलंकी, सुनील पाठक, भावेश मोदी एवं मातृशक्ति से नीलम बरैया द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

### बालिकाओं ने दिखाया आत्म रक्षा का प्रदर्शन

सम्मेलन के दौरान बलवंत कराटे मार्शल आर्ट्स अकादमी की सोनम सूर्यवंशी के नेतृत्व में बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा एवं प्रहार कला का साहसिक प्रदर्शन किया गया। मार्बल टाइल्स को सिर एवं हाथों से तोड़ते हुए दिए गए इस प्रदर्शन ने नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया। संचालन नगर बौद्धिक प्रमुख सोमेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया। मल्लिकार्जुन बस्ती प्रमुख विपिन जैन बरैया ने गीत प्रस्तुत किया।

**पर्व** | नगर पालिका, मंडी सहित सभी शासकीय तथा अशासकीय कार्यालायों पर हुआ ध्वजारोहण

# देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** राष्ट्रीय गौरव, उत्साह और संविधान के प्रति सम्मान के भाव के साथ पूरे क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य आयोजन खाचरौद नाका स्थित मंडी प्रांगण में संपन्न हुआ, जहां जनपद अध्यक्ष रुक्मणी हाड़ा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष अनम युसूफ कड़पा, एसडीएम सुनिल जायसवाल, सीएसपी युवराजसिंह चौहान के साथ सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में झांकियां निकाली। वहीं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नपा में फहराया ध्वज –

77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद जावरा में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अनम मोहम्मद यूसुफ कड़पा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। ध्वजारोहण उपरांत नपाध्यक्ष ने उपस्थित सभी पार्षदों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह में उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कड़पा, सीएमओ राहुल शर्मा,चेयरमैन लोकेश विजवा, मुस्तकीम मंसूरी, आसिफ कबाड़ी, पार्षद प्रतिनिधि विनोद औरा, अनीश कल्याने, दशरथ कसानिया, समाजसेवी डॉ. एच.एस.राठौर, बलवंत सिंह, मसूद परदेसी आदि सहित नगर पालिका इंजीनियर महेशचंद्र सोनी, लोकेश विजयवर्गीय, लालसिंह, शैलेंद्र सिंह, फतेहलाल माली, विकास त्रिवेदी,लक्की फरक्या, पुखराज बिडवान, संजय सैनी, सिद्दीक भाई सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी समारोह में सम्मिलित हुए।



### घंटाघर पर ब्लाक कांग्रेस ने मनाया गणतंत्र दिवस

जावरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर घंटाघर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद यूसुफ कडपा, डॉ. एच.एस. राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष अनम यूसुफ कडपा, वरुण श्रोत्रिय, बलवंत सिंह राठौड़, कांग्रेस सेवा दल के मसूद परदेसी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अन्नपूर्णा पंवार, मोहन सैनी, रिजवान पठान, महेंद्र गंगवाल, नूरजहां कडपा, मुस्तकीम मंसूरी, आमिर खान, अनीश कल्याने, विनोद औरा, अनिल सोनी, साबिर पटेल, रमेश पोरवाल, सोनू खान, राजेश भरावा, पवन चौरसिया, कृष्ण अखेड़िया, अशोक राठौड़, अशोक सिसोदिया उपस्थित थे।